उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर,
लखनऊ- 226010

संख्या- 06 /02/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2023-24/06-परीक्षा/2022

लखनऊः दिनांक- 02 फरवरी, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2022, वन दरोगा मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2021)/06 के अंतर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन एवं वन्यजीव विभाग, उ0प्र0 के नियंत्रणाधीन वन दरोगा के 701 पदों के सापेक्ष आयोजित लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार शारीरिक मानक परीक्षण हेतु चिन्हित कुल 1697 अभ्यर्थियों का शारीरिक मानक परीक्षण **दिनांक 12-02-2024 से 17-02-2024** के मध्य जनपद लखनऊ में आयोजित किए जाने सम्बन्धी सूचना आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 19-01-2024 को प्रकाशित की गयी थी।

उक्त के क्रम में संबन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत शारीरिक मानक परीक्षण हेतु चिन्हित 1697 अभ्यर्थियों की शारीरिक मानक परीक्षण परीक्षा **गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड, गुडम्बा, लखनऊ** में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट **upsssc.gov.in** पर निर्गत कर दिये गए हैं । सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में उल्लिखित निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि व समय पर परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

02.02.2024
(विधान जायसवाल)
परीक्षा नियंत्रक।